# Daily Current Affairs

Date : 30 July, 2025

CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान पर्यटन विभाग को 'सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक गंतव्य' का पुरस्कार |
| 2. | राजीविका की 'सीआरपी प्लस' नीति |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. श्री हरि-वन वृक्षारोपण अभियान<br>2. 'मछली (टी-16)' का स्मारक<br>3. राजस्थान अंडर-23 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप |
| 4. | भारत का GDP वृद्धि दर अनुमान : IMF |
| 5. | विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (SOFI 2025) रिपोर्ट |
| 6. | प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण |
| 7. | गज़ैप और नेब टू घोस्ट बम |
| 8. | न्यूरालिंक चिप |
| 9. | वैश्विक बाघ दिवस 2025 समारोह |
| 10. | कामचटका प्रायद्वीप |
| 11. | मेघनाद देसाई |
| 12. | दिव्या देशमुख : महिला चेस चैम्पियन |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 13. | **UEFA : महिला फुटबॉल यूरो कप 2025** |
| 14. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br>1. P&G के नए सीईओ<br>2. तेजस्विन शंकर<br>3. ड्रोन प्रहार अभ्यास 2025<br>4. UPI : बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन फीचर<br>5. संजय सिंघल SSB के नए महानिदेशक |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### राजस्थान पर्यटन विभाग को 'सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक गंतव्य' का पुरस्कार

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, आई क्रिएटिव माइंड्स की ओर से राजस्थान पर्यटन विभाग को 'सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक गंतव्य' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **राजस्थान पर्यटन विभाग को यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन एवं ट्रैवल पुरस्कार समारोह के दौरान प्रदान किया गया।**
- **इससे पूर्व, पर्यटन पत्रिका ट्रैवल एंड लीजर द्वारा आयोजित 2025 रीडर्स सर्वे में जयपुर ने विश्व के शीर्ष 10 सर्वश्रेष्ठ शहरों में 5वां स्थान प्राप्त किया।**

❖ **फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 1955 में राज्य पर्यटन निदेशालय तथा वर्ष 1978 में राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RTDC) की स्थापना की गई।**

**राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP) – 2024**

- **लॉन्च : 4 दिसम्बर, 2024**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य : राजस्थान पर्यटन से जुड़े निवेशकों एवं उद्यमियों को देय लाभों में वृद्धि करने तथा निजी क्षेत्र में नई पर्यटन इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध करना।**
- **यह नीति हेरिटेज होटलों और संपत्तियों के लिए छूट प्रदान करने, निजी क्षेत्रों में उपलब्ध विरासत संपत्तियों का लाभ उठाने पर मुख्य रूप से जोर देती है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन नीति में होटल, रेस्तरां और अन्य पर्यटन-संबंधित प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए लाइसेंस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजीविका की 'सीआरपी प्लस' नीति

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा 'सीआरपी प्लस' नीति को आधिकारिक रूप से स्वीकृति प्रदान की गई।

राजीविका
राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्

## मुख्य बिंदु :

- **पूरा नाम :** सामुदायिक संसाधन व्यक्ति प्लस (CRP प्लस) नीति।
- **नीति का उद्देश्य :** ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक पुनर्निर्माण प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना।
- यह नई नीति राजस्थान के स्वयं सहायता समूहों (SHGs) एवं समुदाय आधारित संगठनों (CBOs) के सशक्तीकरण तथा विस्तार के कार्य में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- इस नीति के तहत 'विलेज सपोर्ट टीम' को प्रतिस्थापित कर सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (CRP प्लस) की नई व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे स्वयं सहायता समूह, ग्राम संघटन एवं क्लस्टर लेवल फेडरेशन (CLF) आदि सामुदायिक संगठनों का सशक्तीकरण सुचारू रूप से किया जा सकेगा।

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (RGAVP) या राजीविका

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (RGAVP) या राजीविका की स्थापना वर्ष 2010 में राजस्थान सरकार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्त संस्था के रूप में की गई थी।
- यह राजस्थान सोसायटी अधिनियम - 1958 के तहत पंजीकृत सोसायटी है।
- **अध्यक्ष :** मुख्यमंत्री।

**उद्देश्य:**

- **ग्रामीण विकास के लिए की जा रही सरकारी और गैर-सरकारी पहलों के बीच प्रभावी अभिसरण लाना।**
- **स्वयं सहायता समूहों, उत्पादक संगठनों, सामुदायिक विकास संगठनों, स्वयं सहायता समूहों के महासंघों के गठन और सुदृढ़ीकरण में सहायता करना।**
- **गरीबों की आय बढ़ाने के लिए कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों में लघु और सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>न्यूज़</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>श्री हरि-वन वृक्षारोपण अभियान<br><br>■ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली में वृद्धि के उद्देश्य से 1 से 31 जुलाई, 2024 तक सम्पूर्ण राजस्थान में 'श्री हरि-वन वृक्षारोपण अभियान' संचालित किया गया।<br>■ अभियान के तहत प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में 3 लाख से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>'मछली (टी-16)' का स्मारक<br></td></tr>
</table>


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ♦ 29 जुलाई, 2025 (ग्लोबल टाइगर डे) के अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रणथंभौर टाइगर रिजर्व की बाघिन 'मछली' (टी-16) की स्मृति में जोगी महल गेट, रणथम्भौर पर एक स्मारक का अनावरण किया।<br>♦ रणथंभौर की सबसे प्रसिद्ध बाघिन मछली (टी-16) का जन्म वर्ष 1997 में हुआ था। उसे यह नाम उसके चेहरे पर मछली जैसी आकृति के कारण मिला। वर्ष 2016 में लगभग 19 वर्ष की आयु में मछली का देहांत हुआ।<br>♦ **अन्य नाम :** लेडी ऑफ द लेक्स और क्रोकोडाइल किलर। |
| **3.** | **राजस्थान अंडर-23 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप**<br>♦ 29 और 30 जुलाई, 2025 तक राजस्थान एथलेटिक एसोसिएशन की दो दिवसीय अंडर-23 स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन झुंझुनू में किया गया।<br>♦ इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 582 एथलीट्स ने भाग लिया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत का GDP वृद्धि दर अनुमान : IMF

### चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपनी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की GDP वृद्धि दर का अनुमान 0.2 प्रतिशत यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है।




### मुख्य बिंदु :

- वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी वृद्धि अनुमान को 0.1 प्रतिशत यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत किया गया है।
- IMF के अनुसार वैश्विक विकास दर वर्ष 2025 के लिए 3.0 प्रतिशत और वर्ष 2026 के लिए 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- उभरते और विकासशील देशों में वर्ष 2025 में विकास दर 4.1 प्रतिशत और वर्ष 2026 में 4.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- वैश्विक स्तर पर महंगाई दर वर्ष 2025 में 4.2 प्रतिशत और वर्ष 2026 में 3.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (SOFI 2025) रिपोर्ट

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO), अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD), संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF), विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने SOFI रिपोर्ट जारी की।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह सतत विकास लक्ष्य-2 (SDG-2) की वार्षिक वैश्विक निगरानी रिपोर्ट है।**
- **वैश्विक भुखमरी : वर्ष 2022 के स्तर से घटकर वर्ष 2024 में अनुमानित 8.2 प्रतिशत रह गई।**
- **वर्ष 2023 और 2024 के दौरान खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने के कारण वैश्विक स्तर पर स्वस्थ आहार की औसत लागत बढ़ गई है।**
- **वर्ष 2012 से 2022 तक 15-49 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं में एनीमिया और वयस्क लोगों में मोटापा वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है।**

**भारत की स्थिति :**

- **भारत के अलावा, अन्य सभी निम्न मध्यम आय वाले देशों में स्वस्थ आहार का खर्च वहन करने में असमर्थ लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण

- **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा ओडिशा तट के अब्दुल कलाम द्वीप से सतह से सतह पर मार कर सकने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (SRBM) 'प्रलय' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **प्रलय मिसाइल 150-500 किमी की दूरी तक सतह से सतह पर मार कर सकने वाली मिसाइल है।**
- **यह हवा में कुछ दूरी तय करने के बाद अपना मार्ग परिवर्तन करने में भी सक्षम है अर्थात् यह एक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल है।**
- **इस मिसाइल की भार-वहन क्षमता 500-1,000 किलोग्राम है।**
- **प्रलय मिसाइल की तुलना चीन की 'डोंग फेंग 12' और रूस की 'इस्केंडर' से की जा सकती है, जिसका उपयोग यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में किया गया है।**

❖ **फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO)**

- **स्थापना :** 1958 में।
- **मुख्यालय :** नई दिल्ली।
- **अध्यक्ष :** डॉ. समीर वी. कामत।
- **ध्येय वाक्य :** बलस्य मूलं विज्ञानम्।
- **उद्देश्य :** रक्षा अनुसंधान द्वारा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना।
- यह रक्षा मंत्रालय के अधीन अनुसंधान और विकास संगठन है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गज़ैप और नेब टू घोस्ट बम

## ➲ चर्चा में क्यों?

- तुर्की ने 26 से 27 जुलाई, 2025 को इस्तांबुल में आयोजित 17वें इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर के दौरान दो नए गैर-परमाणु बमों गज़ैप और नेब टू घोस्ट बम का प्रदर्शन किया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **इन बमों को F-16 फाइटर जेट और F-4 फैंटम एयरक्राफ्ट से पूरी तरह से सुसंगत बनाया गया है, जो तुर्की वायुसेना के दो प्रमुख युद्धक विमान हैं।**
- **गज़ैप (तुर्की भाषा में अर्थ: क्रोध) : 970 किलोग्राम वजनी एक फ्रैगमेंटेशन-आधारित थर्मोबैरिक बम है जो बंकरों और मज़बूत ढांचों को नष्ट करने में सक्षम है।**
- **नेब टू घोस्ट बम : इसमें 10,000 सूक्ष्म धातु कण हैं, जो व्यापक क्षेत्र को प्रभावित करते हैं।**
- **इससे पूर्व 'खलीफा' ने तायफुन हाइपरसोनिक मिसाइल का प्रदर्शन किया था।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूरालिंक चिप

## चर्चा में क्यों?

- पिछले 20 वर्षों से लकवाग्रस्त ऑड्री क्रूज नामक महिला न्यूरालिंक की पहली मरीज बनीं, जिन्होंने एलोन मस्क द्वारा विकसित एक मस्तिष्क चिप की मदद से डिजिटल कर्सर को सफलतापूर्वक संचालित किया और कंप्यूटर स्क्रीन पर अपना नाम लिखा।




## मुख्य बिंदु :

- यह उपलब्धि चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मानव विकास को प्रदर्शित करती है।
- ज्ञातव्य है कि अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) द्वारा एलोन मस्क द्वारा सह-स्थापित न्यूरोटेक स्टार्टअप कम्पनी 'न्यूरालिंक' के ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) को इन-ह्यूमन क्लिनिकल ट्रायल को मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### डिवाइस के बारे में:

- न्यूरालिंक कम्पनी मानव मस्तिष्क के लिए एक चिकित्सा उपकरण का निर्माण कर रही है, जिसे ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (BSI) या 'लिंक' के रूप में जाना जाता है।
- इम्प्लांट/आर1 के रूप में जाना जाने वाला सटीक रोबोट न्यूरालिंक BCI को प्रत्यारोपित करने के लिए सर्जिकल प्रक्रिया संपन्न करता है।
- यह डिवाइस मानव मस्तिष्क को ब्लूटूथ सिग्नल के माध्यम से बाहरी कंप्यूटर से जोड़ता है, जिससे मानव मस्तिष्क में संचार का आदान-प्रदान संभव होता है।
- 'लिंक' के नाम से जाना जाने वाला यह डिवाइस अपने आप में एक सिक्के के आकार का होता है।
- इस 'लिंक' को सर्जिकल रोबोट की सहायता से छोटे डिस्क के आकार के कटआउट के भीतर प्रत्यारोपित किया जाता है।
- रोबोट मानव मस्तिष्क में कुछ न्यूरॉन्स के लिंक से हजारों छोटे धागे जोड़ता है। प्रत्येक धागा मानव बाल के व्यास का लगभग एक चौथाई के आकार का होता है।
- यह डिवाइस मस्तिष्क में कृत्रिम अंग के रूप में कार्य करता है, जो पार्किंसंस, मिर्गी (Epilepsy), रीढ़ की हड्डी की चोट, ऑटिज़्म और अवसाद जैसी असामान्य स्थितियों के उपचार में क्रांति ला सकता है।

### न्यूरालिंक (Neuralink)

- इस कम्पनी की स्थापना वर्ष 2016 में एलन मस्क और इंजीनियरों के एक समूह द्वारा की गई।
- न्यूरालिंक ने ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) का जानवरों पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया; जैसे - वर्ष 2021 में एक मकाक को मस्तिष्क चिप के साथ प्रत्यारोपित होने के बाद एक साधारण वीडियोगेम खेलते हुए दिखाया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### वैश्विक बाघ दिवस 2025 समारोह

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **29 जुलाई, 2025 को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक बाघ दिवस 2025 समारोह की अध्यक्षता की।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिंदु :**

- **भारत में बाघ अभयारण्यों की संख्या वर्ष 2014 के 46 से बढ़कर 58 हो गई।**
- **केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान शुभारंभ करने की घोषणा की, जिसके अंतर्गत सभी 58 बाघ अभयारण्यों में 1 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।**
- **इस अवसर पर 'प्लास्टिक-मुक्त बाघ अभयारण्य' अभियान का भी शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य बाघ अभयारण्यों में सभी एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना है।**
- **इस समारोह में 7 श्रेणियों के अंतर्गत NTCA पुरस्कार भी वितरित किए गए।**

**राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रकाशनों का अनावरण :**

- **"भारत के बाघ परिदृश्य में छोटी बिल्लियों की स्थिति" पर रिपोर्ट**
- **स्ट्राइप्स पत्रिका - वैश्विक बाघ दिवस विशेष संस्करण।**
- **पुस्तकें - भरत लाल द्वारा लिखित 'भारत में बाघ अभयारण्यों के झरने' और डॉ. SP यादव द्वारा लिखित 'भारत के बाघ अभयारण्यों के अंदर जल निकाय' पुस्तकों का विमोचन किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चर्चित स्थान

## कामचटका प्रायद्वीप

➲ **चर्चा में क्यों?**




- हाल ही में, रूस के कामचटका प्रायद्वीप के तट पर शक्तिशाली (8.8 तीव्रता) भूकंप आया जिसके पश्चात् जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चिमी तट पर सुनामी की चेतावनी जारी की गई।
- अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (USGS) के अनुसार, यह अब तक का छठा सबसे बड़ा भूकंप है।

➲ **मुख्य बिंदु :**

**प्रायद्वीप के बारे में:**

- कामचटका प्रायद्वीप रूस के सुदूर पूर्वी भाग में स्थित है और यह एशियाई महाद्वीप का हिस्सा है।
- यह प्रायद्वीप लगभग 1,250 किलोमीटर लंबा और औसतन 450 किलोमीटर चौड़ा है।
- इसके उत्तर और पश्चिम में ओखोत्स्क सागर तथा दक्षिण और पूर्व में प्रशांत महासागर और बेरिंग सागर स्थित हैं।
- यह प्रायद्वीप 51° उत्तरी अक्षांश से 61° उत्तरी अक्षांश के बीच विस्तृत है।
- इस प्रायद्वीप में लगभग 160 से अधिक ज्वालामुखी पाए जाते हैं, जिनमें से कई सक्रिय हैं।
- इस क्षेत्र का सबसे ऊँचा सक्रिय ज्वालामुखी क्ल्यूचेवस्काया सोपका है, जिसकी ऊँचाई 4,750 मीटर है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चर्चित व्यक्तित्व

## मेघनाद देसाई



➲ **चर्चा में क्यों?**

- **29 जुलाई, 2025 को भारतीय मूल के ब्रिटिश अर्थशास्त्री और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य लॉर्ड मेघनाद देसाई का 85 वर्ष की उम्र में गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **मेघनाद जगदीशचंद्र देसाई का जन्म वर्ष 1940 में वडोदरा (गुजरात) में हुआ।**
- **देसाई मार्क्सवादी अर्थशास्त्र, राजनीतिक अर्थशास्त्र, मौद्रिक नीति और आर्थिक इतिहास के छात्र थे।**
- **वर्ष 2008 में मेघनाद देसाई को भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया।**
- **देसाई वर्ष 1971 में लेबर पार्टी से जुड़े और 1986 से 1992 तक अध्यक्ष रहे और जून 1991 में हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य बने।**
- **प्रमुख पुस्तकें :**

  **1. मार्क्सियन इकोनॉमिक थ्योरी (1973)**

  **2. एप्लाइड इकोनॉमेट्रिक्स (1976)**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3. मार्क्सियन इकोनॉमिक्स (1979) – संशोधित संस्करण

4. मुद्रावाद - आर्थिक सिद्धांत (1981)

5. मार्क्स रिवेंज: द रिसर्जेंस ऑफ कैपिटलिज्म एंड द डेथ ऑफ स्टेटिस्ट सोशलिज्म (2002)

6. भगवद्गीता किसने लिखी? (2014)

- मेघनाद देसाई ने कुल 20 से अधिक पुस्तकें और शैक्षणिक पत्रिकाओं के लिए 200 से अधिक लेख लिखे या संपादित किये।
- मेघनाद देसाई ने वर्ष 1965 से 2003 तक लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अर्थशास्त्र पढ़ाया।
- मेघनाद देसाई के प्रयासों से ही लंदन के पार्लियामेंट स्क्वॉयर में महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित हुई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## दिव्या देशमुख : महिला चेस चैम्पियन

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, जॉर्जिया के बटुमी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) वीमेंस वर्ल्ड कप – 2025 के फाइनल में दिव्या देशमुख ने कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में 2.5-1.5 से हराकर खिताब अपने नाम किया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **19 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) वीमेंस वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है।**
- **इस जीत के साथ दिव्या देशमुख भारत की चौथी महिला ग्रैंडमास्टर और कुल 88वीं ग्रैंडमास्टर बनी हैं।**
- **पिछले दस वर्षों में यह दूसरी बार है जब कोई भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनी है। इससे पहले वर्ष 2023 में आर. वैशाली ग्रैंडमास्टर बनी थीं।**
- **उन्होंने बुडापेस्ट में 45वें चेस ओलंपियाड में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने में भी अहम भूमिका निभाई।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :**

**दिव्या देशमुख**

- **जन्म और स्थान – 9 दिसंबर, 2005 (नागपुर, महाराष्ट्र)**
- **प्रारंभिक उपलब्धियाँ – दिव्या देशमुख ने 2012 में अंडर-7 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतकर अपनी पहली ट्रॉफी हासिल की। इसके बाद उन्होंने 2014 में डरबन में अंडर-10 और 2017 में ब्राज़ील में अंडर-12 विश्व युवा खिताब जीते।**
- **WGM और IM खिताब – वर्ष 2021 में महिला ग्रैंडमास्टर (WGM) बनीं (भारत की 22वीं महिला खिलाड़ी) और बाद वर्ष 2023 में इंटरनेशनल मास्टर (IM) खिताब भी मिला।**
- **FIDE महिला वर्ल्ड कप 2025 – जुलाई, 2025 में FIDE महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# UEFA : महिला फुटबॉल यूरो कप 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम ने वर्ल्ड चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर UEFA महिला फुटबॉल यूरो कप 2025 का खिताब जीता।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **आयोजन : 2 से 27 जुलाई, 2025 तक।**
- **मेजबान देश : स्विट्जरलैंड।**
- **यह महिला यूरो कप का 14वाँ संस्करण था, जिसका फाइनल 27 जुलाई, 2025 को स्विट्जरलैंड के बेसल शहर के सेंट जैकब-पार्क स्टेडियम में खेला गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महिला फुटबॉल यूरो कप :

- **आयोजक : द यूनियन ऑफ़ यूरोपियन फ़ुटबॉल एसोसिएशन्स (UEFA) द्वारा आयोजित शीर्ष महाद्वीपीय फुटबॉल कप हैं।**
- **पहला UEFA महिला यूरो कप वर्ष 1984 में आयोजित किया गया था।**
- **वर्ष 2025 से यह प्रति चार वर्ष में आयोजित किया जाएगा।**
- **वर्ष 2022 का महिला फुटबॉल यूरो कप विजेता इंग्लैंड था।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **P&G के नए सीईओ**<br><br>♦ 1 जनवरी, 2026 से शैलेश जेजुरीकर विश्व की सबसे बड़ी कंज्यूमर गुड्स कंपनियों में शामिल प्रॉक्टर एंड गैंबल (P&G) के सीईओ का पदभार ग्रहण करेंगे। |
| 2. | **तेजस्विन शंकर**<br><br>♦ 29 जुलाई, 2025 को पोलैंड में आयोजित विस्ला ज़ापिएव्स्की मेमोरियल 2025 एथलेटिक्स मीट में भारत के तेजस्विन शंकर ने 7,826 अंक हासिल कर दूसरा नया राष्ट्रीय डेकाथलॉन रिकॉर्ड बनाया तथा चौथे स्थान पर रहे।<br>♦ सर्वकालिक मीट रिकॉर्ड बनाने वाले चेक गणराज्य के ओन्ड्रेज कोपेकी ने 8,254 अंकों के साथ खिताब जीता। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **ड्रोन प्रहार अभ्यास 2025**<br><br><br>♦ हाल ही में, भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग ज़िले में ड्रोन प्रहार अभ्यास किया। |
| 4. | **UPI : बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन फीचर**<br><br><br>♦ देश में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म UPI में जल्द ही Face ID या फिंगरप्रिंट से भुगतान की सुविधा मिल सकेगी, जिससे पिन डालने की जरूरत नहीं होगी।<br>♦ इस फीचर का उपयोग पिन चोरी और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसी घटनाओं को रोकना है।<br>♦ NPCI अक्टूबर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के दौरान इसका डेमो पेश कर सकता है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 5. संजय सिंघल SSB के नए महानिदेशक






- **IPS अधिकारी संजय सिंघल को सशस्त्र सीमा बल (SSB) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वे अमृत मोहन प्रसाद का स्थान लेंगे, जो 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।**
- **वर्तमान में संजय सिंघल सीमा सुरक्षा बल (BSF) में स्पेशल डीजी के पद पर कार्यरत हैं। वे उत्तर प्रदेश कैडर के 1993 बैच के अधिकारी हैं।**
- **उनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2028 तक निर्धारित किया गया है।**

SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR